प्रेषक,

ओम प्रकाश तिवारी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण,
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 13 फरवरी, 2015**

विषय- उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में सृजित पदों की वर्ष 2015-16 हेतु क्रमागत निरन्तरता जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3136/ए-157टी0सी0/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2014, दिनांक-05.11.2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में सृजित पदों की वर्ष 2015-16 हेतु क्रमागत निरन्तरता जारी किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन हेतु गठित उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के संचालन हेतु शासनादेश संख्या-1436/अड़तीस-4-2004-10पीएमजीएसवाई/2003, दिनांक-10.07.2004 द्वारा सृजित कुल 30 अस्थायी पदों में से 28 पदों की अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या-पी-117/अड़तीस-9-2014-10पीएमजीएसवाई/2003टी0सी0-।, दिनांक-24.02.2014 द्वारा दिनांक-28.02.2015 तक के लिए बढ़ायी गयी थी।

3- उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या-पी-18/अड़तीस-9-14-10(पीएमजीएसवाई)/2003, दिनांक-21.07.2014 द्वारा दिनांक-28.02.2015 तक के लिए 12 अस्थायी पद सृजित किये गये हैं। इस प्रकार श्री राज्यपाल महोदय उक्त 40 पदों (विवरण संलग्न) के दिनांक-29.02.2016 तक चलते रहने की सम्भावना के दृष्टिगत क्रमागत निरन्तरता की सहर्ष स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान करते है, बशर्ते कि यह पद बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिये जायें।

4- शासनादेश दिनांक-10.07.2004 एवं दिनांक-21.07.2014 की शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत् रहेंगे।

5- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के संगत मानक मदों से वहन किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए0-02-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक-02.12.1998 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

-2/

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 4/2015 पी-93 (1)/अड़तीस-9-2015, तद दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- महालेखाकार (प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।

3- सम्बन्धित कोषाधिकारी।

4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त (लेखा) अनुभाग-2

5- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2

6- वित्त (सेवायें) अनुभाग-1

7- गार्डबुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-4/2015/पी-93/अड़तीस-9-15-10(पीएमजीएसवाई)/2003टी0सी0-।।।, दिनांक-13 फरवरी, 2015 का संलग्नक

क्र0सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1.	अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी	1	37400-67000 (ग्रेड पे-8900)
2.	वित्त नियंत्रक	1	37400-67000 (ग्रेड पे-8900)
3.	मुख्य अभियन्ता	1	संवर्गीय वेतनमान
4.	राज्य गुणवत्ता समन्वयक	1	37400-67000 (ग्रेड पे-8700)
5.	राज्य तकनीकी अधिकारी	1	15600-39100 (ग्रेड पे-7600)
6.	आई0टी0 कोआर्डिनेटर	1	15600-39100 (ग्रेड पे-7600)
7.	उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी	1	15600-39100 (ग्रेड पे-7600)
8.	वरिष्ठ अभियन्ता, गुणवत्ता नियंत्रण	2	15600-39100 (ग्रेड पे-6600)
9.	अधीक्षण अभियन्ता	1	संवर्गीय वेतनमान
10.	अधिशासी अभियन्ता	2	संवर्गीय वेतनमान
11.	विधि अधिकारी	1	संवर्गीय वेतनमान
12.	कनिष्ठ सहायक	1	संवर्गीय वेतनमान (ग्रेड पे-2000)
13.	सूचना अधिकारी	1	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)
14.	वैयक्तिक सहायक (ग्रेड-2)	5	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)
15.	चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट	2	60,000 प्रति माह प्रति व्यक्ति (नियत धनराशि)
16.	लेखाकार	4	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)
17.	कनिष्ठ लिपिक	3	5200-20200 (ग्रेड पे-1900)
18.	एम0 एण्ड आई0 स्पेशलिस्ट	1	20,000 रू0 (नियत वेतन)
19.	अनुसेवक	10	नियत वेतन/न्यूनतम मजदूरी अधिनियम-1948 के आधार पर समय-समय पर संशोधनीय।
योग-		**40**	

ओम प्रकाश तिवारी

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in